दिन– बुधवार | दिनांक– 03 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने विधानमंडल की संयुक्त बैठक को सम्बोधित किया।

02 राज्यपाल ने कहा–मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जिन महिलाओं का रोजगार अच्छा चलेगा, उन्हें दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी।

03. केंद्र सरकार ने मोबाईल फोन में अनिवार्य रूप से संचार साथी ऐप को प्री–इंस्टॉल करने के आदेश को वापस लिया।

04. और, तापमान में गिरावट आने से ठंड में बढ़ोतरी। अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट का पूर्वानुमान।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम कर रही है। विधान मंडल के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जिन महिलाओं का रोजगार अच्छा चलेगा, उन्हें दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी।

–––बाइट–––

राज्यपाल ने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार प्रदान करेगी।

–––बाइट–––

श्री खां ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के विकास पर सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार समावेशी विकास मॉडल के तहत लोगों को बेहतर जीवनयापन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अब सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही है। राज्यपाल ने बिहार के विकास में केंद्र सरकार की भूमिका की भी सराहना की।

–––बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधानसभा और विधान परिषद में सदन का नेता घोषित किया गया है। वहीं, तेजस्वी प्रसाद यादव विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष, जबकि राबड़ी देवी विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष होंगी। आज विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान इस आशय की घोषणा की गयी। इधर, विधानसभा में आज राज्यपाल के अभिभाषण के बाद आज वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने इक्यानवे हजार सात सौ सत्रह करोड़ रुपये से अधिक का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया। इसके अलावा, सदन पटल पर राज्यपाल द्वारा मंजूर किये गए ग्यारह अध्यादेशों की प्रति भी रखी गयी। कल विधानसभा में उपाध्यक्ष का निर्वाचन होगा। साथ ही राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद–विवाद के बाद सरकार का उत्तर होगा।

---

इधर, बिहार विधान परिषद में आज राज्यपाल के अभिभाषण की प्रति सदन पटल पर रखी गई। इसके बाद मंत्री दिलीप जायसवाल ने द्वितीय अनुपूरक बजट सदन पटल पर रखा। साथ ही राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रति भी सदन पटल पर रखी गई। दोनों सदनों में पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, पूर्व विधान पार्षद राणा गंगेश्वर सिंह, चंद्र सिंह और हरिनंदन यादव तथा जाने–माने फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र के निधन पर शोक प्रकट किया गया।

---

केंद्र सरकार ने मोबाईल फोन में अनिवार्य रूप से संचार साथी ऐप को प्री–इंस्टॉल करने के आदेश को वापस ले लिया है। सरकार ने कहा है कि अब मोबाईल फोन में इस ऐप का प्री–इंस्टॉलेशन जरूरी नहीं होगा। उपभोक्ता यदि चाहें तो वे इस ऐप को सक्रिय कर इसका लाभ ले सकते हैं। इधर, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज लोकसभा में कहा कि संचार साथी ऐप को लेकर नागरिकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। बीस करोड़ लोगों ने संचार साथी पोर्टल को देखा है जबकि डेढ़ करोड़ लोगों ने ऐप को डाउनलोड किया है। श्री सिंधिया ने बताया कि इस पोर्टल और ऐप के आधार पर डेढ़ करोड़ फर्जी मोबाइल फोन कनेक्शन काटे गए हैं।

———बाइट———

संचार साथी पोर्टल की हमने शुरूआत की थी 2023 में और संचार साथी ऐप का प्रयोग हमने 2025 में शुरूआत की है। संचार साथी ऐसा ऐप है जिसके आधार पर जनभागीदारी के आधार पर आज देश की एकदृएक जनता, नागरिक अपने आप को सुरक्षित रख सकता है फ्रॉड से, स्टोलन मोबाइल से, अपने स्टोलन मोबाइल को रिकॉर्ड कर सकता है, रिपोर्ट कर सकता है।

---

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फेक न्यूज लोकतंत्र के लिए खतरा है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि एआई जनित डीप फेक की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक नया मसौदा नियम प्रकाशित किया गया है। उन्होंने कहा कि फेक न्यूज पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

———बाइट———

हमें सोशल मीडिया पर, फेक न्यूज पर, एआई जनरेटिड डीप फेक पर स्ट्रिक्ट एक्शन लेने की जरूरत है। जिस तरह से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करके एक तरीके से कई तरीके के इको सिस्टम बन गए हैं जो कि भारत के संविधान को फॉलो नहीं करना चाहते, बहुत तरह से इस पार्लियामेंट द्वारा बनाए गए कानून को भी पालन नहीं करना चाहते उसमें स्ट्रिक्ट एक्शन लेने की और कड़े नियम बनाने की सख्त जरूरत है।

श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार और भारतीय प्रेस परिषद दोनों ही किसी भी टीवी चौनल या समाचार पत्र के खिलाफ आने वाली शिकायतों पर सक्रिय रूप से विचार कर रहे हैं।

---

आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस है। विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर हर वर्ष यह दिवस मनाता है, जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा के महत्व पर ज़ोर दिया जाता है। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

महक उठती धरा स्पर्श से, छू लेते गगन जो चाह ले, लड़खड़ाते कदम गर बड़ गए, समंदर भी इनको राह दे, विकलांग नहीं दिव्यांग है ये। आज अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस है। इसका उद्देश्य दिव्यांग लोगों के प्रति सामुदायिक जागरूकता, समझ और स्वीकृति को बढ़ावा देना है। भारत में, जहां विविधता राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला के रूप में पनपती है, वहां दिव्यांगजन अधिकारों के लिए गतिविधियां बढ़ रही हैं। समाचार कक्ष से फरहत नाज़।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी दिव्यांग भाई—बहनों को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं देते हुये उनके सुखद भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में अनुकरणीय प्रयासों के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि किसी समाज को सही मायने में तभी विकसित कहा जा सकता है जब दिव्यांगजनों के साथ समान व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि दो हजार चौबीस के पैरालिंपिक खेलों में देश ने उनतीस पदक जीते, जो भारतीय पैरा–एथलीटों द्वारा स्थापित प्रगति के मानक को दर्शाता है।

———बाइट———

समाज और सरकार की सजगता और सक्रियता के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में पेरालिंपिक्स में हमारे खिलाड़ियों ने 29 पदक प्राप्त किए थे। दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं और प्रतिस्पर्धाओं को आयोजन करके सरकार द्वारा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की एक सौ चालीसवीं जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। मुख्य समारोह पटना में लोकभवन के राजेन्द्र चौक और बांस घाट स्थित उनकी समाधि स्थल पर आयोजित किया गया, जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद के जन्म स्थान सीवान के जीरादेई में भी उनकी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदाकत आश्रम स्थित बिहार विद्यापीठ में भी विशेष आयोजन किया गया। इधर, शिक्षा विभाग की ओर से राजेन्द्र बाबू की जयंती मेधा दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में राज्य टॉपर रहे विद्यार्थियों को नकद राशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

---

प्रदेशभर के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट होने से ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आ सकती है।

---

पटना के दानापुर स्थित बिहार रेजिमेंट केंद्र में आज अग्निपथ योजना के तहत पांच सौ पचास अग्निवीर जीडी और प्रादेशिक सेना के अस्सी जवानों ने पासिंग आउट परेड के बाद राष्ट्र सेवा की शपथ ली। समादेष्टा ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा ने परेड का निरीक्षण किया और उच्च प्रशिक्षण मानकों को हासिल करने पर सभी अग्निवीरों को बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित अग्निवीरों के माता–पिता को सम्मान स्वरूप गौरव पदक भी प्रदान किया गया।

---

सुपौल के सरायगढ़–भपटियाही प्रखंड अंतर्गत मुरली वार्ड संख्या–छह में अगलगी की घटना में दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों सगे भाई–बहन थे। वहीं, अगलगी की घटना में दो दर्जन मवेशियों की भी जलकर मौत हो गई।

---

नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत शेखपुरा जिले ने लंबी छलांग लगाते हुए देशभर में ग्यारहवां स्थान प्राप्त किया है। आयोग द्वारा जून माह की डेल्टा रैंकिंग में जिले को यह उपलब्धि हासिल हुयी है।

---

अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र के खाबदह कनौली मध्य विद्यालय की शिक्षिका शिवानी कुमारी की अपराधियों ने स्कूल आने के समय गोली मारकर हत्या कर दी। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली थीं और पिछले दो वर्षों से विद्यालय में पदस्थापित थीं।

---

मुंगेर जिला आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने विधानमंडल की संयुक्त बैठक को सम्बोधित किया।

02 राज्यपाल ने कहा—मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जिन महिलाओं का रोजगार अच्छा चलेगा, उन्हें दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी।

03. केंद्र सरकार ने मोबाईल फोन में अनिवार्य रूप से संचार साथी ऐप को प्री–इंस्टॉल करने के आदेश को वापस लिया।

04. और, तापमान में गिरावट आने से ठंड में बढ़ोतरी। अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।